Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding unhygienic conditions created by Hatcheries in Mahasamund district, Chhattisgarh-laid.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): महासमुंद जिले के बागबाहरा के ग्रामीण इलाकों में मुर्गी पालन के नाम से बड़े – बड़े हेचरी उत्पादन केन्द्र खोले जा रहे हैं । इन हेचरी केन्द्रों में सड़े अंडों व मृत चूजों को बाहर में ऐसे ही फेंका जा रहा है, जिससे समीपवर्ती गांव में दुर्गंध फैल रही है तथा मक्खियां पैदा हो रही हैं जिससे ग्रामीण जनता परेशान है तथा गाँव मे अनेकों संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। जिससे जन जीवन और पर्यावरण को खतरा है ।

ग्रामीण जनता को अपने छोटे बच्चों को मक्खियों से बचाने के लिए मच्छरदानियों की जाली से हमेशा ढककर रखना पड़ रहा है। बच्चे मक्खियों के कारण अपने हाथों से भोजन भी नहीं कर पा रहे है । ग्रामीणों मे भारी रोष व्याप्त है ।

इस प्रकार महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे खोले जा रहे हेचरी निर्माण केन्द्रों को गाँव की सीमा से दूरी पर खोलने की अनुमति दी जाए तथा खराब अंडे और चूजों को जमीन के अंदर गड़ाया जाए, ताकि आम जनता के जन जीवन को नुकसान होने से बचाया जा सके ।